इंडस्ट्रीज फेडरेशन ऑफ सिलवासा के अध्यक्ष बने अतुल शाह

■ महासचिव कल्पेश परमार तो उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाएंगे राजन अग्रवाल

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 8 मई। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सिलवासा के वर्ष 2023-24 के पदाधिकारियों का निर्वाचन कल संपन्न हुआ। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सिलवासा में कार्यरत तीन औद्योगिक संगठनों का संयुक्त उपक्रम है। परंपरा के अनुसार अध्यक्ष पद सिलवासा इंडस्ट्रीज एंड मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन को दिया जाना था। इस एसोसिएशन की ओर से इस पद के लिए अतुल शाह नियुक्त किये गए। फेडरेशन के उपाध्यक्ष का पद इस बार डीएनएच इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के लिए निर्धारित था। इस पद पर राजन अग्रवाल का नामांकन किया गया। सिलवासा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पास इस वर्ष महासचिव का पद है जिस पर के. टी. परमार को नियुक्त किया गया है। सभी नयी नियुक्तियाँ तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। फेडरेशन के निवर्तमान अध्यक्ष संजीव कपूर ने नयी टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह टीम एक उत्साही और उर्जावान टीम है, जो कि दादरा नगर हवेली के उद्योगों की समस्याओं से भली-भांति परिचित है और निश्चित रूप से यह प्रशासन और उद्योगों के मध्य एक मजबूत पुल की तरह काम करेगी। उन्होंने निवर्तमान टीम की ओर से नयी टीम को पूरे सहयोग का आश्वासन दिया।

असली आज़ादी
Tue, 09 May 2023
https://www.readwhere.com/read/c/72379852